# उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम

परिवहन भवन टिहरी कोठी, लखनऊ – 226001
दूरभाषःपी०बी०एक्स०– 2622363, 2627111
फैक्स : 0522-2615526, 2628841, 2623578

पत्र संख्या 1679 /कम्प्यू 2012–35 ETM                                        दिनांक 17.4.2013

**समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक,**
**उत्तर प्रदेश परिवहन निगम।**

**विषयः– किराया वृद्धि के सम्बन्ध में।**

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय प्रेषित पत्रांक 464 सीएसी/13–294 सीएसी/90 दिनांक 17.04.2013 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा दिनांक 17.04.2013(तत्काल) से बसों में किराया वृद्धि की गयी है, जिसके क्रम में निम्न महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है –

1. किराया संशोधन होने पर किराया दरों का ETM मशीनों में तत्परता से संशोधन कराया जाये। कम्प्यूटरीकृत सूचना में किराया दर परिवर्तन उपरान्त मार्गवार स्टेजवार किराया सूची का मिलान स्टेशन प्रभारी/सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (डिपो) स्तर से करने तथा क्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (वित्त) द्वारा प्रमाणित करने के उपरान्त ही इसे ETM में क्रियान्वित कराया जाये।
2. जब तक ETM मशीन में किराया दरों का संशोधन तथा सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (वित्त) द्वारा उसकी पुष्टि न हो जाये तब तक नयी किराया दरों से परिचालकों से मार्ग पत्र पर मैनुअल टिकट अंकित कराये जायें, जिससे अधिक प्रभारण/कम प्रभारण जैसी समस्या न हो।
3. जिन टिकटों को आनलाइन बुकिंग द्वारा बुक कराया गया है, उन्हें भी दिनांक 17.04.2013(तत्काल) से लागू किराया दर पर बी0टी0 बुक से किराया अन्तर लिया जायेगा।

/

(राजेश वर्मा)
मुख्य प्रधान प्रबन्धक (संचालन)

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, माननीय अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक, निगम मुख्यालय, लखनऊ।
2. सहायक प्रबन्धक, अपर प्रबन्ध निदेशक (कैम्प), निगम मुख्यालय, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, निगम मुख्यालय, लखनऊ।
4. मेसर्स ट्राइमैक्स।

(राजेश वर्मा)
मुख्य प्रधान प्रबन्धक (संचालन)